Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Demand to make provision for electricity production through floating solar power plant in Ichagarh Vidhan Sabha in Ranchi Parliamentary Constituency.

श्री संजय सेठ (राँची): अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं । मेरे राँची लोक सभा क्षेत्र के ईचागढ़ विधान सभा में चांडिल में 40 वर्ष पहले एक डैम बना था । उस डैम में 116 गांव के विस्थापितों की व्यथा मैं लेकर आया हूं । वहां बिजली का उत्पादन नहीं हुआ, समुचित मुआवजा नहीं मिला और नौकरी नहीं मिली । वहां के जो हजारों विस्थापित हैं, वे हैंड टू माउथ हो गए हैं ।

मेरा भारत सरकार से आग्रह है, माननीय मंत्री जी यहां उपस्थित हैं, वहां फ्लोटिंग सोलर के माध्यम से बिजली का उत्पादन हो, पर्यटन के क्षेत्र में एक बड़ा काम वहां हो सकता है और वहां सिंचाई की एक दीर्घकालीन योजना बनाई जाए । चांडिल डैम से पाइपलाइन के माध्यम से वहां सिंचाई की अच्छी व्यवस्था हो सकती है । मेरा आपसे सादर आग्रह है कि वहां के विस्थापितों के न्याय के लिए उन्हें समुचित मुआवजा मिले और वहां बिजली का उत्पादन शुरू हो । इसके लिए मेरा आपसे आग्रह है ।